पत्रॉक-स्था-1-उत्तर प्रदेश वाणिज्यकर सेवा संघ // 3718 //वाणिज्य कर,

प्रेषक

कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

सेवा में ,

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

( स्थापना-राजपत्रित अनुभाग ) लखनऊ:: दिनॉक:: 01 नवम्बर, 2013

महोदय,

मुख्यालय के पत्र संख्या-स्था-1-उत्तर प्रदेश वाणिज्यकर सेवा संघ // 3251 // दि0 30-09-2013 के द्वारा उ0प्र0 वाणिज्य कर सेवा संघ के अनुरोध पर उनके वार्षिक अधिवेश हेतु दिनांक 07-11-2013 एवं 08-11-2013 का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के साथ-साथ स्टेशन छोड़ने की अनुमति प्रदान किये जाने का अधिकार समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर को प्रदान किया गया था।

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सेवा संघ ने अपने पत्र संख्या-मेमो / दिनांक 01-11-2013 के द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्य अतिथि की उपलब्धता के दृष्टिगत अब उक्त अधिवेशन दिनांक 08-11-2013 एवं दि0 09-11-2013 को आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। अत: पूर्व में जारी पत्रांक-स्था-1-उत्तर प्रदेश वाणिज्यकर सेवा संघ // 3251 // दिनांक 30-09-2013 को आंशिक रुप संशोधित करते हुए दिनांक 07-11-2013 एवं 08-11-2013 के स्थान पर दिनांक 08-11-2013 एवं 09-11-2013 का विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जाय।

अत: उ0प्र0 वाणिज्य कर सेवा संघ के अनुरोध पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सेवा संघ के अधिवेशन की तिथि में किये गये संशोधन के दृष्टिगत दि0 07-11-2013 एवं 08-11-2013 के स्थान पर दिनांक 08-11-2013 एवं 09-11-2013 का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जाय।

भवदीय,

(विनोद कुमार सिंह)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर
मुख्यालय लखनऊ।

पृष्ठॉकन पत्र संख्या व दिनॉक-उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं मनोरंजन कर विभाग, उ0प्र0 शासन , लखनऊ।
2- अध्यक्ष / महा सचिव, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सेवा संघ कानपुर।
3- अपर निदेशक (प्रशिक्षण), कर प्रबन्धन एवं शोध संस्थान, गोमती नगर लखनऊ।
4- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/ ग्रेड-2 ( उच्च न्यायालय कार्य )इलाहाबाद/ लखनऊ ।
5- ज्वाइण्ट कमिश्नर ( सर्वोच्च न्यायालय कार्य ) वाणिज्य कर , गाजियाबाद।
6- ज्वाइण्ट कमिश्नर ( आई 0टी0) वाणिज्यकर मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर डालने हेतु।

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।